भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 717

उत्तर देने की तारीख 17 सितंबर, 2020

26 भाद्रपद, 1942 (शक)

खिलाड़ियों को सहायता

717. डॉ. सुभाष रामराव भामरेः
श्री डी. एन. वी. सेंथिलकुमार एस.:
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुलेः
श्री बी. मणिक्कम टैगोरः
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हेः
श्री कुलदीप राय शर्माः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने वर्ष 2020 के लिए विभिन्न खेल पुरस्कार के लिए पदक से नवाजे जाने वाले के चयन के लिए एकल चयन समिति गठित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसकी संरचना क्या है;

(ख) विभिन्न श्रेणियों के ऐसे व्यक्तियों की संख्या कितनी है जिन्हें वर्ष 2020 के लिए खेल पुरस्कार के लिए चुना जाएगा;

(ग) क्या खेल से संन्यास लेने के बाद अनेक खिलाड़ी गरीबी में रहने के लिए मजबूर हैं चूंकि उनको सरकार से कोई सहायता नहीं मिलती है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है एवं इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या खेल से संन्यास लेने के बाद सरकार इन खिलाड़ियों को सहायता देगी चूंकि कोविड-19 महामारी के बाद उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा कैरियर के रूप में खेल लेने के लिए और अधिक लोगों को प्रोत्साहित करने हेतु तथा खेल में सक्रिय भागीदारी के दौरान तथा संन्यास लेने के बाद उन्हें अच्छा वित्तीय पारिश्रमिक देने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) जी हां । खेल विभाग ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार, 2020 हेतु पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं का चयन करने के लिए चयन समिति का गठन किया है । समिति का गठन निम्नलिखित है :

क्र.सं.	सदस्य का नाम	पद
1.	न्यायधीश मुकुंदकम शर्मा, सेवानिवृत्त न्यायधीश, सर्वोच्च न्यायालय	अध्यक्ष
2.	श्री विरेंद्र सहवाग (क्रिकेट)	सदस्य
3.	श्री सरदार सिंह (हाकी)	सदस्य
4.	सुश्री मोनालिसा बरुआ मेहता (टेबल टेनिस)	सदस्य
5.	सुश्री दीपा मलिक (पैरा एथलेटिक)	सदस्य
6.	श्री वेंकटेसन देवराजन (मुक्केबाजी)	सदस्य
7.	श्री मनीष बताविया, खेल कमेंटेटर	सदस्य
8.	सुश्री नीरू भाटिया, खेल पत्रकार	सदस्य
9.	श्री आलोक सिन्हा, खेल पत्रकार	सदस्य
10.	श्री संदीप प्रधान, महानिदेशक, साई	सदस्य
11.	कमांडर (सेवानिवृत्त) राजेश राजागोपालन, सीईओ, टॉप्स	सदस्य
12.	श्री एल.एस सिंह, संयुक्त सचिव (विकास)	सदस्य सचिव

(ख) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोह 2020 का आयोजन 29 अगस्त, 2020 को वर्चुअली किया गया और निम्नलिखित खिलाड़ियों/ निकायों को विभिन्न खेल पुरस्कार प्रदान किए गए । ब्यौरा निम्नलिखित है :

क्र.सं.	खेल पुरस्कार का नाम	पुरस्कार प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों/ निकायों की संख्या
1	राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार	05
2	द्रोणाचार्य पुरस्कार (नियमित श्रेणी)	05
3	द्रोणाचार्य पुरस्कार (जीवनपर्यंत श्रेणी)	08
4	अर्जुन पुरस्कार	27
5	ध्यान चंद पुरस्कार	15
6	राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार	05
7	मौलाना अबुल कलाम आज़ाद (माका) ट्रॉफी	01

(ग) से (ङ) : यह मंत्रालय ओलंपिक खेलों, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों आदि के पदक विजेताओं को सक्रिय खेल से संन्यास लेने के बाद जीवनपर्यंत मासिक पेंशन प्रदान करने के लिए ' मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन' की स्कीम और गरीबी की हालत में रह रहे बीते जमाने के खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 'खिलाड़ियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कोष (पीडीयूएनडब्ल्यूएफएस)' की स्कीम का कार्यान्वयन कर रहा है । इसके साथ ही सरकार ने हाल ही में राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की पुरस्कार राशि में वृद्धि की है अर्थात राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार के लिए 7.5 लाख रु. से 25 लाख रु., द्रोणाचार्य पुरस्कार (नियमित श्रेणी) के लिए 5 लाख रु. से 10 लाख रु., द्रोणाचार्य पुरस्कार (जीवनपर्यंत श्रेणी) के लिए 5 लाख रु. से 15 लाख रु., अर्जुन पुरस्कार के लिए 5 लाख रु. से 15 लाख रु. और ध्यान चंद पुरस्कार के लिए 5 लाख रु. से 10 लाख रु. । इसके अलावा, 'अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में पदक विजेताओं और उनके कोचों को नकद पुरस्कार स्कीम' के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार प्रदान किया जाता है । केंद्रीय सरकार में मेधावी खिलाड़ियों के लिए समूह 'ग' पदों पर सीधी भर्ती में 5 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान की सुविधा है । इस पर हाल ही में सरकार ने खेलों की सूची में खेल विधाओं की संख्या 43 से बढ़ाकर 63 कर दी है । इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय खेल विकास निधि के अंतर्गत विभिन्न खेल संवर्धन कार्यकलापों के लिए विशेष सहायता भी प्रदान की जाती है ।

****